# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{30 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{21 मार्च, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 202**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 107 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 10 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 34 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 10 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 07 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 202 |

निर्माण करना

'क'-*818. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर के बोचहा विधान सभा अन्तर्गत मुसहरी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण कार्यालय असुरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार मुसहरी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का सुरक्षात्मक चहारदीवारी निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्ति

'ख'-*845. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के हुसैनगंज पंचायत में स्थित मस्जिद एवं इमामबाड़ा जो बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है, जिसका पंजीयन संख्या 45, सीवान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मस्जिद एवं इमामबाड़ा परिसर में सड़क का गंदा पानी का जल-जमाव होने से नमाजियों को धार्मिक कार्य के लिये उस गंदे पानी में से होकर जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त समस्या के समाधान हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2016 को शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुसैनगंज को पत्र लिखा गया है फिर भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मस्जिद एवं इमामबाड़ा परिसर को जल-जमाव से कबतक मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1818. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकर प्रखंड के शनिचर हाट से मुनेश्वर चौक होते हुये भलुई जाने वाली सड़क एवं मुनेश्वर चौक से बैकुण्ठपुर होते हुये पनशाला चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

*1819. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के घोरदौल पंचायत के जियनगंज जाने वाले पथ में धनखनिया के सौरा नदी पर स्क्रू पाईल पुल एवं कॉलेज चौक से पूरब गुरूआ पथ में स्क्रू पाईल पुल विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्क्रू पाईल पुलों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 14 मार्च, 2018 को सदन द्वारा भवन निर्माण विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्था0 ।

'ख'-दिनांक 9 मार्च, 2018 को सदन द्वारा विधि विभाग (वक्फ) से पंचायती राज विभाग में स्था0 ।

तटबंध का पक्कीकरण

*1820. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत गंगौली से बेगूसराय सीमान तक बैंती नदी के बायाँ एवं दायाँ तटबंध के किनारे बसे लोगों को आवागमन के लिये एकमात्र सड़क तटबंध ही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1821. श्रीमती मंगिता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के ग्राम-धकजरी, पंचायत मानिक चौक दक्षिणी से ग्राम-जहाँगीरपुर पंचायत टिकौली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क तक की सड़क जर्जर है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डबल लेन सड़क का निर्माण

*1822. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मुक्तापुर हथौड़ी ग्रामीण कार्य विभाग की 28 कि0मी0 लम्बी सड़क प्रखंड मुख्यालयों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ सिंगल लेन है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का अधिग्रहण कर डबल लेन के रूप में निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चबुतरा का निर्माण

*1823. श्री महबुब आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई प्रखंड के दास ग्राम में दलित टोले में पंचायती राज विभाग की ओर से छत-सह-चबुतरा (बैठका) का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन संवेदक द्वारा कार्य को बीच में ही छोड़ देने से निर्माण कार्य अधूरा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अधूरे छत-सह-चबुतरा (बैठका) का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1824. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत [illegible] प्रखंड के ग्राम खाप से पीपरहीया गाँव तक सड़क कच्ची है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप चालू कराना

*1825. डॉ0 अशोक कुमार (208)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत तिलौंथू प्रखंड के 80 प्रतिशत नलकूप वहाँ के संबंधित अभियंताओं की लापरवाही एवं मरम्मत नहीं कराने के कारण बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत वित्तीय वर्ष में नलकूप मरम्मत आदि कार्यों में आवंटित राशि को बिना कार्य कराये निकासी कर ली गयी है, जिसकी शिकायत प्रश्नकर्ता मा0 सदस्य द्वारा स्वयं 2017 में जिला समाहर्ता, रोहतास से की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दुर्घटना बीमा राशि देना

*1826. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधियों के पद पर रहते हुये मृत्यु हो जाने पर मृतक के आश्रित को दुर्घटना बीमा के तहत एकमुश्त 5,00,000/- (पाँच लाख रू0) देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड कल्याणपुर, पंचायत वासुदेवपुर, विद्यापतिनगर प्रखंड के पंचायत बरौना के सरपंच की मृत्यु के पश्चात् अभीतक मृतक के आश्रित को दुर्घटना बीमा राशि नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित सहित पंचायती राज के पद पर रहते हुये मृत अन्य जन-प्रतिनिधियों के आश्रितों को दुर्घटना बीमा राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

छिलका का जीर्णोद्धार

*1827. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत इसलामपुर प्रखंड के चंधारी एवं धोवडीहा पंचायत के बीच जलवार नदी पर स्थित सोनावाँ छिलका का जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण कृषकों का 10 हजार एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जमीन का अधिग्रहण

*1828. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड के बसनारा से सदोखर तुर्की होते हुये सड़क शिवसागर, चेनारी एस0एच0 पथ में मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क 2016-17 में निर्माण कराया गया है किन्तु जमीन अधिग्रहण नहीं होने के कारण क्रमशः रामगढ़ एवं दलौती के पास 81 डीसमील और 04 डीसमील में सड़क अपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अपूर्ण सड़क के लिये किसानों को समुचित मुआवजा देकर जमीन का अधिग्रहण कर सड़क निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1829. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या प्रशा0-8/संकल्प 6 नवम्बर, 2002-4574 (E), दिनांक 15 दिसम्बर, 2004 के द्वारा क्रमांक 79 एवं 88 पर क्रमश: मनीगाछी से घनश्यामपुर पथ एवं चिकनी, शिवराम, लुलुआ चौक वाजितपुर, देवना पथ भाया कुमरौल का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण किया जा चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का निर्माण कराने के साथ ही सड़क निर्माण में विलंब के लिये दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का सुदृढ़ीकरण

*1830. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के ग्रामीण कार्य प्रमण्डल कटिहार अंतर्गत कटिहार-डण्डखोरा 07 कि0मी0 लम्बा पथ जर्जर हो चुका है, जिससे आम लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*1831. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के भंडारी बाजार से महादलित टोला होते हुये जयनगर, हनुमान मंदिर एवं मंडारी टोला महादलित टोला में शिवनगर होते हुये दमाकी मठ तक सड़कों की मरम्मती आई0 ए0 पी0 योजनान्तर्गत करने हेतु सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, बेलसंड के पत्रांक 87 अनु0, दिनांक 3 अक्टूबर, 2017 द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को पत्र भेजा गया है, लेकिन आजतक उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1832. डॉ0 रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड में सम्पतचक से उदैनी तक वर्ष 2009 में निर्मित पथ अभी जर्जर है, जबकि यह पथ सम्पतचक प्रखंड जाने का मुख्य मार्ग है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1833. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के सुंदौली बाँध एन0 एच0 28 से संग्रामपुर एस0 एच0 74 तक के तटबंध पर सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करना

*1834. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार के राजमार्ग एवं पथ परिवहन मंत्रालय द्वारा छपरा-महम्मदपुर सड़क को एन०एच० 101 को तीन वर्ष पूर्व में घोषित किया जा चुका है, जबकि इसी मार्ग की शेष सड़क गोपालगंज जिले के बरहीमा मोड़ से सलेमपुर घाट (9 कि०मी०) तक की सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग से वंचित कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराना स्टेट हाईवे मुख्य सड़क छपरा, महम्मदपुर, सलेमपुर तक था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 101 से वंचित सड़क बरहीमा-सलेमपुर घाट को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का सुदृढ़ीकरण

*1835. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल, बेगूसराय में अवस्थित सिंहमा, करारी से बरारी एवं सफापुर से दरियापुर, गोरगामा, खड़गपुर, मथार होते कासिमपुर तक सड़क जर्जर है जिससे यातायात बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का जीर्णोद्धार

*1836. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा के बैरिया में बंगरी नदी तटबंध 2 कि०मी० क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण निकटवर्ती आबादी को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जबकि यह तटबंध (सड़क) तीन प्रखंडों रामगढ़वा, आदापुर एवं बंजरिया का मुख्य मार्ग है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त तटबंध का जीर्णोद्धार/मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध की मरम्मती

*1837. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के गुणवंती, मोहनी, फरकिया आदि गाँवों से गुजरने वाली बसैटी, मैनर के दोनों तरफ का बाँध जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे नहर के अगल-बगल के सैंकड़ों एकड़ में लगा फसल जल-जमाव के कारण बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का बेड कटिंग एवं बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का सफाई

*1838. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत लौरिया स्थित तुरकाहाँ नाला की सफाई व पक्कीकरण नहीं होने के कारण पूरा बाजार व बस्ती गंदगी व गंदे पानी से भरा रहता है तथा चीनी मील की गंदगी भी इस नाले के सहारे बाहर जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाले की सफाई व उसके पक्कीकरण का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*1839. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र में पंचायत मेरोखड़ा जिला परिषद् सड़क से दक्षिण पश्चिम की ओर जानेवाली सड़क चेहराकला सीमा तक जर्जर है जिसके कारण आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1840. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत फुलहारा पंचायत के गोरगामा गाँव के अनिल यादव के खेत के निकट से कुमारीपुर पक्की सड़क तक सड़क कच्ची रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1841. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड के जेठवार से कोशडिहरा तक जानेवाली सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1842. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मुशहरी प्रखंड में डुमरी से परमानंदपुर के बीच फोर लेन में पटना जानेवाली रास्ता जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1843. डॉ॰ अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत शिवाजीनगर प्रखंड में आर॰ई॰ओ॰ पथ (01) करियन ग्राम से परशुराम ग्राम तक एवं (02) ठनका चौक ग्रामीण बैंक से सितुआही ग्राम तक का सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें सरकारी नियमानुसार योजना का नाम, प्राक्कलित राशि, कार्यारम्भ तथा सम्पन्न होने की तिथि, संवेदक का नाम आदि संबधित योजना सूचना स्थल पर नहीं है तथा संवेदक तथा स्थानीय पदाधिकारी द्वारा मानक के विपरीत सड़क का निर्माण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्माणाधीन उक्त पथों की जाँच कराकर दोषी संवेदक तथा पदाधिकारी पर समुचित कार्रवाई करते हुये प्राक्कलन के अनुरूप सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1844. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के एन॰एच॰ से पूरब हनुमान नगर घुरघुरा गाँव तक तथा मधेसरा ग्राम से मठिया मंदिर तक सड़क कच्ची रहने के कारण बरसात के दिनों में लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उच्च पथों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1845. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में बिशनपुर To7 से कनैहयाबाड़ी सड़क पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ कोर नेटवर्क के CNCPL में शामिल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण अभीतक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1846. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के रजोखर पोखर ब्रह्मपुर से गौतम कुंड तक नाला की उड़ाही कार्य काफी दिनों से नहीं करायी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के सुखाई पोखर के पास डकही नाला में कोठा बाँध के पास स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त नाला की उड़ाही एवं स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का मरम्मती

*1847. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी, चम्पारण अंतर्गत प्रखंड-सुगौली में सुगौली बाईपास जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विभागीय कार्रवाई नहीं कराने का औचित्य

*1848. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैकुण्ठपुर के विरुद्ध वर्ष 2017 में ही प्रपत्र (क) गठित कर विभाग को सूचित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काफी समय बीत जाने के पश्चात् भी अबतक विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

पुल का निर्माण

*1849. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत दाहा नदी पर पत्थरा से कणपुरा जाने वाली सड़क पर कोई पुल नहीं है, जबकि नदी के इस पार एवं उस पार पक्की सड़क बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड-1 में वर्णित पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को लम्बा सफर तय करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित स्थल पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1850. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड महाराजगंज के पंचायत माधोपुर में ग्राम-ततवा टोला में आवागमन हेतु एस०एच०-73 से गाँव तक कच्ची एवं जर्जर सड़क होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1851. श्री जर्नादन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के बादशाहगंज से भाया महादेवपुर होते हुये कसवा तक की पथ जर्जर है जिससे वहाँ के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1852. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के चान्दपुर घाट के वाया नदी पर पुल नहीं है जिससे प्रखंड के आम जनता को नदी पार आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण

*1853. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गायघाट एस0एच0 से हरसिद्धि प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क सिंगल लेन तथा जर्जर है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर चौड़ीकरण एवं निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का पक्कीकरण

*1854. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत पुछरिया ढाला से टोक भरवलिया तक निर्मित बाँध पर 40 गाँवों के लोगों का आवागमन है, किन्तु बाँध पर सोलिंग सड़क के जर्जर हो जाने से आवागमन में ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का दोहरीकरण

*1855. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभान्तर्गत मुजफ्फरपुर से पूसा मुख्य पथ एकल लेन पथ है जिसके कारण वाहन के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का दोहरीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1856. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत आरा-सासाराम मुख्य पथ से ग्राम-कुरकुरी जाने वाली रोड में कुरकुरी से आरा-डिहरी लाइन नहर, कुरकुरी रोड तक 5 कि0मी0 एवं आरा-सासाराम मुख्य पथ से महावीर स्थान बसौरी से ग्राम-सहंगी तक 5 कि0मी0 कच्ची सड़क है जिसके कारण बरसात के समय में रास्ता अवरुद्ध हो जाने से ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1857. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के एन0एच0 31 के शिव मंदिर चौक से समेली हॉल्ट स्टेशन तक सड़क कच्ची है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही हे, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1858. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड बसन्तपुर के बसन्तपुर सूर्यपुरा मठिया पथ में एक कि0मी0 पथ की मरम्मती की स्वीकृति दी गयी है, किन्तु संवेदक द्वारा किसी दूसरे सड़क का एम0आर0 3054 में मरम्मती कार्य पूरा कर राशि निकाल ली गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर संवेदक एवं दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1859. श्री नौशाद आलम --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत एन0एच0 327इ कलभर्ट से बाबनडांगी सड़क तथा नुरी चौक से आजमनगर के मध्य स्थित पुलों के ध्वस्त हो जाने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग चालू करना

*1860. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह --क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंडान्तर्गत सोन नगर से डीजल चालित लिफ्ट बोरिंग से ग्राम-मेंह, अम्बा, उतरी सहसपुर, दक्षिणी दखिणी सहसपुर, झुमर डिहरा आदि गाँवों में सिंचाई विगत 10 वर्षों से बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डीजल चालित बोरिंग बन्द होने से किसानों का कृषि कार्य बाधित हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बन्द बोरिंग को विद्युतीकृत कर उसे चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरे कार्य को पूर्ण करना

*1861. श्री राज किशोर सिंह --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरौल प्रखंड में बक्सामा हरेन्द्र सिंह के दालान से नारंगी सीवान तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2014-15 में 1.50 कि0मी0 सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होने के कुछ माह बाद संवेदक द्वारा सिर्फ जी0एस0बी0 कर कार्य बंद कर देने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी संवेदक पर उचित कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क के अधूरे कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव से निजात दिलाना

*1862. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के बड़गाव पंचायत के लक्ष्मीपुर महादलित टोला एवं सोने सत्तरघाट पर विगत तीन वर्षों से सुरसर नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में हो रहे कटाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का पुनर्निर्माण

*1863. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड के मोहम्मदपुर, भटीहारा का पुल ध्वस्त हो चुका है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1864. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखंड का निर्माण विगत 20 वर्ष पूर्व किया गया, लेकिन आजतक उक्त प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण नहीं हो पाया है तथा प्रखंड कार्यालय का कार्य ट्राइसम भवन में किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1865. डॉ0 मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेलीखड़गपुर प्रखंड अंतर्गत गंगरा पंचायत के मनहरा मेन रोड से परमानन्दपुर तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1866. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के पातेपुर प्रखंड स्थित भेरोखड़ा पंचायत में जमादार भगत के घर के निकट से पश्चिम जाने वाली सड़क जगतनन्दन भगत के घर तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*1867. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखंड अंतर्गत आर0 ई0 ओ0 द्वारा बनी 20 वर्ष पुरानी पथ (गोराडीह-जयखुट पथ) जर्जर हो गयी है, जिससे 25 गाँवों की आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ मिरजान हाट-कोतवाली पी0 डब्लू0 डी0 पथ से निकलकर घोघा-सन्हौला पी0 डब्लू0 डी0 पथ को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*1868. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत हिलसा विधान सभा क्षेत्र के हिलसा प्रखंड स्थित लोहण्डा आर0 डब्लू0 डी0 पथ से सरहजियापर-जगरनाथ टोला जाने वाली सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1869. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत पचरूखा पश्चिमी में ग्राम-मोकलिसपुर मध्य विद्यालय के गफूर साहब के घर तक विगत 15 वर्षों से बूढ़ी गंडक नदी का कटाव जारी रहने के कारण पूरे गाँव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव को कटाव से बचाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का पक्कीकरण

*1870. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के मलकौली एवं पंचफेड़वा गाँव में बरसात के दिनों में पहाड़ी नदी से कटाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों के बाँध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का अधिग्रहण

*1871. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत बैलवा से रामगंज 44 कि0 मी0 एवं पोठिया चौक से बंगाल सीमा 6 कि0 मी0 आर0 डब्लू0 डी0 की सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कें मुख्य राज्यमार्ग 31 से जुड़ी हुई होने के कारण अत्यधिक लोगों का आवागमन है तथा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण का अर्हता भी रखता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को आर0 डब्लू0 डी0 से पी0 डब्लू0 डी0 में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेंड़ का रख-रखाव

*1872. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में मनरेगा द्वारा लगाये गये पेंड़ों के रख-रखाव के लिये कोई व्यवस्था उक्त योजना में नहीं होने से पेंड़ बर्बाद हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार मनरेगा द्वारा लगाये गये पेंड़ों के रख-रखाव के लिये कौन-सी व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

सड़क का पक्कीकरण

*1873. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के गोलमा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नं० 2 के रामजानकी उच्च विद्यालय से उत्तर तिरहा जाने वाली बस्ती की सड़क पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*1874. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के ग्राम लक्ष्मीपुर एन०एच० के पास से गोविन्दपुर होते हुये महादेव टीकर, लकड़ाकोल तक एवं राजगन मोड़ से राजगन गाँव होते हुये लकड़ाकोल मुख्य सड़क तक की सड़क मरम्मती नहीं होने के कारण जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों जर्जर सड़कों की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*1875. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंडान्तर्गत कमलपुर से वियुनी एवं कमलपुर से कोकट तक की दोनों सम्पर्क पथ जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1876. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जी०टी०एस०एन०वाई० योजना से ग्राम के छुटे हूये टोले को मुख्य सड़क से जोड़ने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखंड में अधिक आबादी वाले गाँवों में सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

एप्रोच पथ बनाना

*1877. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत दमला घाट पर पुल का निर्माण लगभग तीन साल पूर्व हुआ था, किन्तु आजतक पुल का एप्रोच पथ का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का एप्रोच पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनः निर्माण

*1878. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के सदमैली पंचायत के कोसी नदी के शकुआ घाट में बना पुल एवं मलहरिया पंचायत के खगजनहा के मरिया नदी पर खगजनहा घाट पर बना पुल 14 अगस्त 2017 को आयी बाढ़ से टूट गया है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पुलों का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1879. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत जी०टी० रोड अमन चैन से डोभी-चतरा रोड में बाल्टी फैक्ट्री तक नहर किनारे सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1880. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड में पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क से भूईगाँव मुरा मुरोदपुर तक 265.113 लाख की लागत से पथ निर्माण हेतु वर्ष 2008 में निविदा हुयी जिसके अनुसार वर्ष 2011 में कार्य पूर्ण किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना कार्य कराये संवेदक द्वारा उक्त सड़क पर 113.2 लाख रुपये खर्च हो जाने के मामले पर दिनांक 23 जनवरी, 2015 को संवेदक का एकरारनामा रद्द कर दिये जाने से अभीतक सड़क का निर्माण अधूरा है, जिससे आम जनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*1881. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के बनगावाँ मदरसा से मोरठबनगाँवा होते हुये दोहमनी तक 7 कि० मी० सड़क जर्जर होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1882. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के भुईका से वंशीपुर होते हुये किऊल स्टेशन तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीण सड़क किऊल स्टेशन के पास पी०डब्लू०डी० सड़क से जुड़ती है, जिस कारण आवागमन के लिये अतिमहत्वपूर्ण सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण

*1883. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला स्थित बक्सर सेन्ट्रल (Central) जेल पईन के बगल से सुमेश्वर स्थान क्रिश्चियन स्कूल से गुजरने वाली सड़क नगर परिषद् द्वारा वर्ष 2009 में बनायी गयी थी जो आज जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1884. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत नाईर बाँध से अटहर सड़क एवं ठाठोपुर-मेटूनियाँ-शिवराम सड़क का निर्माण विगत पाँच वर्ष पूर्व हुआ था, किन्तु पथों की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चेकडैम बनाना

*1885. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखंड के कौड़ियारी और हरैया ग्राम के बीच औसान नदी गुजरती है जो सोन नदी में जाकर मिलती है, किन्तु चेकडैम नहीं रहने के कारण आस-पास के गाँवों का फसल सिंचाई के अभाव में बर्बाद हो जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में चेकडैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पईन का जीर्णोद्धार

*1886. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के ईटाडीह, फेरू बिगहा आहर, पईन का जीर्णोद्धार विगत 30 वर्षों से नहीं होने के कारण स्थानीय किसान सिंचाई नहीं पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1887. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर-सिंहड़ी मोड़ से भाया कटोरिया-शाहपुर पथ जर्जर है तथा कटोरिया से पहले पुलिया दब जाने से जल-जमाव रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों की मरम्मती के साथ-साथ पुलिया का भी मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1888. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के कवैया पंचायत में रजिगंज, मुशहरी घाट से टेढ़ी मोड़, पीरगंज चौक होते हुये शोभागंज तक की सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क चार पंचायत लालगंज, रजिगंज, कवैया एवं हरदा के दर्जनों गाँव से जुड़ा हुआ है एवं उनके आवागमन का यह एक मात्र मुख्य सड़क है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1889. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड अनुमंडल के पमराह-मनहा-बेलसंड पथ पर कठौर गाँव के पास बना पुल ध्वस्त हो गया है जिसके कारण पुल पर आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने अपने पत्रांक 259, दिनांक 15 मई, 2017 के द्वारा अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को उक्त ध्वस्त पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण के लिये अनुरोध किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1890. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के गैड़ा पंचायत अन्तर्गत सफैपुर, वार्ड नं० 7 में सिसौना नहर 10 आर० डी० पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1891. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के मालपट्टी, कनौर होते हुये निमरौली तक 6 कि० मी० सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1892. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा प्रखंड के कृष्णा बिगहा आर०डब्लू०डी० पथ से छकौड़ी बिगहा जाने वाली पथ कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जल निकासी कराना

*1893. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत बैरिया ग्राम पंचायत के चरगुहा बैहार की बैरिया, किसनपुर आदि गाँवों के किसानों की लगभग 500 एकड़ भूमि में चरगुहा में जल जमाव के कारण कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार चरगुहा बैहार से जल निकासी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## सड़क का निर्माण

*1894. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखंड अंतर्गत मनोरपुर पकड़ी कॉलेज से गौसाखाप गिरी टोला में शंकर जी के मंदिर तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुल का निर्माण

*1895. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के हसौली पंचायत के महावीर बिगहा, लाल बिगहा, मिसिर बिगहा के ग्रामीणों एवं मध्य विद्यालय कुंडा में पढ़नेवाले बच्चों को अदरी नदी पर कुंडा के सामने पुल नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में आवागमन बंद हो जाता है एवं बच्चों को अतिरिक्त 5 कि० मी० की दूरी तय कर मध्य विद्यालय कुंडा आना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुल का निर्माण

*1896. डॉ० रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा प्रखंड अंतर्गत बलियो ग्राम को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क में उलाई नदी पर पुल नहीं है, जिससे ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने में कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## एन० एच० की मरम्मती

*1897. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एन० एच०-19 के समानांतर फोरलेन का निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद से ही एन० एच०-19 में सोनपुर से छपरा तक मरम्मती कार्य नहीं होने के कारण सड़क जर्जर हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सोनपुर से छपरा तक एन० एच०-19 की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनापत्ति प्रमाण-पत्र देना

*1898. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कटिहार ने अपने पत्रांक 1444, दिनांक 9 दिसम्बर, 2017 द्वारा अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ से काढ़ागोला घाट का मौजा-भण्डारतल, थाना नं० 229, खाता नं० 847, खेसरा नं० 792 जो आर०एस० खतियान में पी०डब्लू०डी० सड़क मेयखन्ता दर्ज है, को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र की माँग की गयी है, परन्तु उक्त स्थल का अभीतक अनापत्ति प्रमाण-पत्र विभाग द्वारा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल का अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*1899. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के भलुहिया ग्राम-देवस्थान से लालदासी लड़कवा-श्रीनगर तक पथ कच्ची रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का पुन:निर्माण

*1900. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज नगर पंचायत के बागी चौक, समेयर से मदरसा चौक बहादुरगंज होते हुये तुलरिया जाने वाली 3 कि० मी० सड़क जर्जर होने का कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

गाद हटाना

*1901. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बारारी जल संयंत्र में गंगा के गाद (सिल्ट) जमा होने के कारण गंगा नदी की धारा भागलपुर शहर से हटकर उत्तर दिशा में चली गयी हैं जिसके कारण संयंत्र में पर्याप्त जल की आपूर्ति नहीं होने से शहर में पेयजल का संकट विगत 3 वर्षों से बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार गंगा की गाद हटाने की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का पक्कीकरण

*1902. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के सुरियाही से सिराही जाने वाली सड़क जर्जर है एवं सड़क में बछराजा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क में बछराजा नदी पर पुल का निर्माण कराकर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*1903. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड में हाजी, रियाज टोला, नरकली (कोलबाड़ी) गाँव का छोटा कनकई नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को छोटा कनकई नदी के कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटवन की सुविधा उपलब्ध कराना

*1904. श्री अबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के कसबा वितरणी से 98 आर0डी0 बोची माईनर पर अतिक्रमण के कारण किसानों को पटवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराकर किसानों को पटवन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ना

*1905. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिंद प्रखंड के ग्राम-राजोपुर को आजतक पक्की सड़क का निर्माण कराकर मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है, जबकि उक्त ग्राम की जनसंख्या दो हजार से ज्यादा है तथा सरकारी नियमानुसार एक हजार की आबादी वाले गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम को कबतक मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1906. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत चिचवाबाड़ी पोठिया रोड से झील बस्ती 03 कि0मी0 एवं जहाँगीरपुर स्कूल पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से झीलबस्ती तक भाया कुम्हार भिट्टा होते हुये 03.5 कि0मी0 सड़क को किसी भी नेटवर्क एवं योजना अंतर्गत नहीं लिया गया है तथा उक्त सड़कों की स्थिति जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पक्कीकरण

*1907. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड के शहर तेलपा, महोन्दिया पथ से निरगीन बिगहा सिरीराम बिगहा होते हुये देवकुंड पथ तक की सड़क तथा रामपुर चाय मोड़ से नौरंगा (गोह, औरंगाबाद) भाया भगवानपुर (करपी, अरवल) पथ कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1908. श्री हरि शंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के ग्राम-नवलपुर के नवलपुर टोला से भेली साट टोला तक सड़क कच्ची है एवं नाला नहीं है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण के साथ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*1909. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के रफीगंज-शिवगंज पथ में ग्राम-चित्रसारी नहर भाया कर्पूरी नगर होते हुये नीमा नहर तक एवं मदनपुर प्रखंड में बेरी, पीरथु, खड़वा रोड के बुन्दी बिगहा ग्राम से माड़न बिगहा तक पक्की सड़क की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के लोगों को कच्ची सड़क से आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1910. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड अंतर्गत मनियारी पंचायत के गनौली से तेलिया पोखर तक की सड़क जो एन0एच0 57 को जोड़ती है, वर्ष 2017 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गयी है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करना

*1911. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के कुमरी चैंया पथ से कुरपातरी पथ का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत दस वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ परंतु आजतक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का विद्युतीकरण

*1912. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सदर अस्पताल में विद्युतीकरण विगत पाँच वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिससे मरीजों को इलाज में असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, मधेपुरा के पत्रांक 1071, दिनांक 27 सितम्बर, 2013 तथा असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक 1281, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 द्वारा उक्त अस्पताल के सभी भवनों में विद्युतीकरण कार्य कराने हेतु सचिव, भवन निर्माण विभाग से अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधेपुरा सदर अस्पताल के भवनों में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1913. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-रतौली एवं जरौली के मध्य भुतही नदी पर पुल नहीं है, जबकि नदी से पश्चिम ग्राम-रतौली में प्राथमिक से +2 तक का विद्यालय एवं संस्कृत कॉलेज स्थित है तथा पुल नहीं रहने से स्कूल के बच्चे-बच्चियों कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित लोगों को 7 कि० मी० से अधिक दूरी तय कर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1914. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आर०ई०ओ० सड़क कुशैल से अहमदनगर होते बेदौल गोट चेरौत आर०ई०ओ० सड़क तक 5 कि० मी० रोड कच्ची है जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पईन बनवाना

*1915. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड में असनी नदी में सुल्तानपुर एवं चीरापुर के बीच एवं ककिला बाहा के बहुआरा में बाँध नहीं है, जिससे सोन नहर का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँचता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर बाँध बंधवाकर पानी निकासी हेतु पईन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*1916. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत गाडा बैंती नदी पर अंग्रेज शासन द्वारा ही एक पुल का निर्माण कराया गया था, जो अभी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नया पुल बनाकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1917. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत करबन्ना गोट में महेश्वर राय के घर से सुभाष यादव के घर होते हुये करबन्ना महादलित टोला तक 2 कि० मी० कच्ची सड़क के बीच-बीच में चार फीट तक गड्ढा हो चुका है साथ ही ग्राम भगवतीपुर में मो० हसन के घर से मो०

सैयद के घर तक 1 कि० मी० कच्ची सड़क के कारण बरसात के समय में रास्ता अवरुद्ध हो जाने के फलस्वरूप ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

मानदेय का भुगतान

*1918. श्री नन्द कुमार राव--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सभी पंच, सरपंच का मानदेय का भुगतान लगभग एक वर्षों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला के सभी पंच, सरपंच के मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण

*1919. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र के नरकटियागंज प्रखंड के अन्तर्गत पंडई नदी से शिकारपुर एवं नुनिया टोला में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटाव रोकने के लिये सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव निरोधी कार्य कराना

*1920. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहटा प्रखंड के बकुनियाँ तथा कोयला एवं महिषी प्रखंड के भेलाही, बेलडावर एवं बधवा गाँव में कोशी नदी से कटाव जारी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों को कटाव से बचाने हेतु कबतक कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

डबल लेन में तब्दील

*1921. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य सड़क से मथुरापुर से इलमासनगर होते हुये डुमरा आर०सी०सी० पथ में इलमासनगर के आगे सिंगल लेन रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को डबल लेन में तब्दील करने का विचार रखती है ?

---------

पुल का निर्माण

*1922. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में पड़ने वाले एन०एच० 80 पर अवस्थित ग्राम-परसबन्ना एवं शिवनारायणपुर डी०ए०वी० के पास मैना नदी पर बना पुल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर पुराने पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1923. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत पीरो प्रखण्ड के हसन बाजार से कातर होते हुये पंचमा तक सड़क जर्जर है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लुईस गेट का निर्माण

*1924. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखण्ड के पशुआ पटनीया पंचायत के लखुभाना नदी में स्लुईस गेट नहीं रहने के कारण किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्लुईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1925. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के रूपौली प्रखण्ड अन्तर्गत बिरौली बाजार, मुख्य सड़क से चपहरी हाट तक जाने वाली पक्की सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों को आने जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1926. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार-डण्डखोरा-कन्धरपैली पी०एम०जी०एस०वाई० पथ में धुसमर के नजदीक एवं कटिहार-डण्डखोरा पथ में मधेपुरा के निकट स्क्रू पाईल पुल विगत बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन योग्य नहीं रह गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1927. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीन नगर प्रखण्ड के रहेपुर घाट के बाया नदी पर पुल नहीं है जिससे उस घाट से आवागमन में आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1928. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड स्थित ग्राम मनोपुर में गंडक नहर पर एस०एच० 104 में पुराना निर्मित पुल जर्जर रहने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1929. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड के श्यामपुर बरवाँ पंचायत के दासजी के घर से भट्ठकर्जा तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वितरणी की मरम्मती

*1930. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में महदह आर०पी०सी० एवं सारीभपुर चैनल क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वितरणियों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच एवं दोषी पर कार्रवाई

*1931. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखण्ड बसन्तपुर के पंचायत कुमकुमपुर में शौचालय निर्माण कराने हेतु 52,00,000 (बावन लाख) रुपया 2016 में सरकार द्वारा आवंटित किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि 452 चयनित लाभुकों में से आधा का भी शौचालय नहीं बना है जबकि खाता से पूर्ण राशि की निकासी वर्ष 2016 में ही कर ली गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर अनियमितता करने वालों को दंडित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---------

पथ का कालीकरण

*1932. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखण्ड के कटेसर पासवान चौक से योगेन्द्र मुखिया के घर आर०ई०ओ० सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*1933. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत रूपौली प्रखंड के मतैली मुख्य सड़क से नखनौर ग्राम-भिखना पुल, बहदुरा होते हुये भिट्ठा तेरासी मोड़ (मधेपुरा सीमा) तक जाने वाली पक्की सड़क जर्जर है जिससे आम आदमी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1934. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड में ग्राम-अकबरपुर बाँध से खजूरी बाँध होते हुये नौबतपुर लॉक तक जाने वाली सड़क जर्जर रहने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य प्रारंभ करना

*1935. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-छोटी नाकी के पास भैना नदी में चेकडैम-सह-बीयर के निर्माण के लिये विभाग द्वारा जनवरी, 2017 में ही ले-आउट (lay-out) तैयार किया गया है, किन्तु अभीतक संवेदक द्वारा कार्यारम्भ नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1936. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई प्रखंड के काशीडीह से नारगी एवं संधरा से नौवाडीह होते हुये पेसराहा पी0डब्लू0डी0 रोड तक कच्ची सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़कों का पक्कीकरण करते हुये मुख्य सड़क से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1937. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखंड अन्तर्गत खरमौली पुल से जिनपुर गाँव तक लगभग 1.5 कि0मी0 लम्बी सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1938. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सबौर के दो पंचायतों रजंदीपुर एवं सबौर को जोड़ने वाली जिच्छो मंडल (बाबुपुर) के घर के पास से सबौर पंचायत एन0एच0 80 पर छोटी हाट बाजार के सामने तक की सड़क जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कहलगाँव द्वारा उक्त सड़क के निर्माण हेतु प्रेषित विभागीय प्रस्ताव सरकार के पास विगत 4 वर्षों से लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का शेष भाग का निर्माण

*1939. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत To4 से तातपौआ ग्राम की दूरी दो (2) कि0मी0 है परन्तु पी0एम0जी0एस0वाई0 के तहत केवल एक (1) कि0मी0 सड़क का ही निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के शेष भाग का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*1940. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड बंशी सूर्यपुर पंचायत, खड़ासीन के महादलित ग्राम-अवधपुर में सम्पर्क पथ नहीं है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार शहरतेलपा-बंशी मुख्य पथ (लोहार बिगहा) से ग्राम-अवधपुर तक सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1941. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मुशहरी प्रखंड के डुमरी अनुसूचित जाति टोला और मधुबनी के नजदीक खरोंना जाने वाली रास्ते में फोर-लेन पर चढ़ने-उतरने का एप्रोच रोड जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों एप्रोच सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन का जीर्णोद्धार

*1942. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के अन्तर्गत गाफा पंचायत के नामा पूर्वी आहर पईन का जीर्णोद्धार विगत 30 वर्षों से नहीं होने के कारण स्थानीय किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*1943. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा अन्तर्गत मुजफ्फरपुर से पूसा मुख्य पथ (एन0एच0-28) गंगापुर से प्रह्लादपुर होते हुए जाने वाली पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1944. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के झंझारपुर नगर पंचायत क्षेत्र के परतापुर गाँव में पुराना पी0 डब्लू0 डी0 पथ जर्जर है एवं कमला नदी पर परतापुर गाँव के पास आर0 सी0 सी0 पुल नहीं है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने के साथ-साथ उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1945. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत जन्दाहा प्रखंड के सिलौथर राम पुकार सिंह के घर के निकट एवं महनार प्रखंड के अंतर्गत रूपसीपुर स्थित राजकीय नलकूप दस वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1946. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के लखौरा-नरकटिया पथ से विशुनपुरवा गाँव होते हुए विशुनपुरवा मध्य विद्यालय तक कच्ची सड़क है जिसपर बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1947. श्री संजय कुमार सिंह उर्फ संजय यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत संझौली प्रखंड के मसौना ग्राम स्थित काली स्थान से बक्सर लाइन नहर तक 2 कि0 मी0 लंबी कच्ची सड़क होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा उक्त सड़क के पक्कीकरण हेतु पत्र के माध्यम से सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को दिसम्बर, 2015 अप्रील, 2016 नवम्बर, 2016 एवं जुलाई, 2017 में अनुरोध किये जाने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का पक्कीकरण

*1948. डॉ0 अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा, दरभंगा एवं मधुबनी जिला के गुजरने वाली पश्चिमी कोशी बाँध के निर्माण का कार्य विगत पाँच वर्षों से बंद पड़ा है जिस कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पश्चिमी कोशी बाँध का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि वापस करने का औचित्य

*1949. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा एवं नगरा प्रखंडों सहित पूरे जिले में सरकार द्वारा 5 वर्ष पुराने इंदिरा आवास की मरम्मती हेतु प्रखंडों को प्राप्त राशि को बिना मरम्मती कराये वर्ष 2017 में विभाग को वापस कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

बाइपास या ओवरब्रीज का निर्माण

*1950. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर जडुआ से बछवाड़ा जाने वाली एस0 एच0 93 सड़क के महनार बाजार में प्राय: जाम रहता है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जाम से निजात दिलाने हेतु महनार बाजार में बाइपास या ओवरब्रीज निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव रोधक कार्य कराना

*1951. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के डंगराहा गाँव के यादव टोली से एन0 एच0 31 डंगराहा पुल के उत्तर शेरशाहवादी टोला तक महानंदा नदी से विगत पाँच वर्षों से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बोल्डर पीचिंग कर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1952. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के कमलाबाड़ी रोड से अरराहा जाने वाली सड़क जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1953. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड के अधीन सिहुली से सिहुली प्रमोद यादव टोला जाने वाली पथ तथा बग्घी बैरना से पकड़िया जाने वाली पथ के बीच कोसी नदी के धनकी धार पर पुल निर्माण नहीं होने से दोनों तरफ के नागरिकों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोसी नदी के धनकी धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1954. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला में वरूअट्टा धिरजी से धरमपुर नया गाँव एवं खैरा मुख्य पथ से महादलित टोला इन्दपै होते हुये आई०टी०आई० कॉलेज तक पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण संस्थान खोलना

*1955. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले एवं सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत कोई भी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1956. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत चरकामा में ग्राम-चरकावां उपरीडीह पुल से ग्राम-ढाढड़, मसौंधा होते हुये पाँती-प्राणपुर पक्की सड़क तक एवं पंचायत लोहरा में ग्राम-तेतरिया से धनावा तक कच्ची सड़क है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़कों का पक्का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1957. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखंड के T०1 से फूलतूहा सड़क जिसकी लम्बाई 3 कि०मी० है, वर्ष 2012 में तथा केवटी प्रखंड के खिरमा-जनवाड़ा-त्रिमुहान पथ की लम्बाई 2.15 कि०मी० है, वर्ष 2013-14 में पी०एम०जी०एस०वाई० से बनी थी, ये दोनों पथ जर्जर हो चुकी है, जिससे आमजन को यातायात में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तलाब की उड़ाही

*1958. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के नरहट प्रखंड के ग्राम-बदलपुर पईन, तालाब की उड़ाही तथा नदी के मुहाने पर गार्डवाल की मरम्मती पिछले 15 वर्षों से नहीं कराये जाने के कारण लगभग 10 हजार एकड़ भूमि में खेती बाधित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन, तालाब की उड़ाही एवं गार्डवाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1959. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल एवं मधुबनी जिला को जोड़ने वाली निर्मली घोघरडीहा लिंक पथ क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले 25-30 वर्षों से आवागमन बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक निर्मली घोघरडीहा लिंक पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1960. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में हथुआ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड उचकागाँव में इटवा से बलभद्रपट्टी बलेसरा सवेया पथ तथा इटवा के एन०एच०-85 से बदरजीमी बाजार पथ क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1961. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में सेमरी प्रखंड के छोटका सिंघनपुरा गाँव से रानी पटी एवं रानी सिंघनपुरा सीवान होते हुये रानी पोखर तक 1.5 कि०मी० लम्बी सड़क नहीं रहने से आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के लिये जमीन अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर पईन की खुदाई

*1962. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ प्रखंड के बजरा आहर पईन की खुदाई एवं तिलैया नदी के मुहाने पर साईड वाल का निर्माण 15 वर्षों से नहीं कराया गया है, जिससे आस-पास के किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर पईन की खुदाई एवं गाईडवाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

केनाल की सफाई

*1963. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सिकन्दरा डिवीजन के मौडवे डैम से कजरा मुख्य केनाल तक केनाल की स्थिति जर्जर है एवं उसमें बरसात के समय गाद भर जाता है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्य डैम से कजरा केनाल तक की सफाई एवं पक्की (लाइनिंग) कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*1964. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जैतपुरा राजवाहा नहर में स्थित नलकूप विगत 20 वर्षों से बंद है एवं गड़हनी प्रखंड के गड़हनी मौजा में महाबीरगंज के बगल में नलकूप 8 माह से बंद रहने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*1965. श्री शम्भूनाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में सेमरी प्रखंड के भोजपुर सिमरी मुख्य सड़क पर अवस्थित सीवान से पकड़ी ग्राम तक 5 कि०मी० लंबी सड़क जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का मरम्मती कर कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1966. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के एस०एच० 51 सुरेश यादव, फुलकाही के घर से भूतही बलान तटबंध तक जाने वाली सड़क में दोनों किनारे महादलितों की घनी आबादी वाली बस्ती है, परंतु कच्ची सड़क होने के कारण ग्रामीणों को मुख्य सड़क एस०एच० 51 तक आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाही

*1967. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर चैताडोरा से विभूतिपुर चाँदसुरारी नहर की उड़ाही नहीं होने से किसानों को खेती में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1968. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत सीमा चौक से डुमरी चौधरी टोला होते हुये तेलिया पोखर तक की मुख्य सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनियमितता की जाँच

*1969. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बबूरा छपरा के बीच बने गंगा पुल के निर्माण कार्य में अनियमितता हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का पाया सं० 30, 31, 32, 33, 49, 51, 52 का निर्माण मानक के अनुसार नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण में हुई अनियमितता की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*1970. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सीतामढ़ी बाजार से डुमरा जाने वाली सड़क के बीच शांतिनगर, ललखापुर के निकट पुल नहीं होने के कारण 25 हजार की आवादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार शांतिनगर, ललखापुर में सड़क के ऊपर आर०सी०सी० पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्ति

*1971. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के मकरन्दपुर से खजुरी मोतनाजे तक की पक्की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, जिसे ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमित कर आवागमन को अवरुद्ध कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान

*1972. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी के ज्ञापांक 1088, दिनांक 15 सितम्बर, 2017 द्वारा मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के रामनगर पंचायत के पंचायत सचिव को निलंबन अवधि के वेतन भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि आदेश निर्गत होने के छः माह उपरांत भी उक्त पंचायत सचिव को वेतन का भुगतान अभीतक नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायत सचिव को वेतन भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार का निर्माण

*1973. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के बिंद टोली पुल के पास बाँध के नीचे नदी किनारे बिहार राज्य जल निगम द्वारा पानी की टंकी (जलमीनार) बनाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार के बोरिंग की मशीन रखने एवं बिजली संचालन के लिये रूम का निर्माण किया गया है, जो नदी के किनारे बाँध से काफी नीचे है, जहाँ बरसात में प्राय: जल-जमाव हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध के नीचे जलमीनार का निर्माण कार्य बंद कराकर सुरक्षित स्थान पर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

उर्दू में साईन बोर्ड लगाना

*1974. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है पटना जिला के गाँधी मैदान में स्थित ज्ञान भवन एवं नयू पटना संग्रहालय के भवनों पर उर्दू में साईन बोर्ड नहीं लिखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवनों पर उर्दू में साईन बोर्ड लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1975. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के जगदीशपुर एवं पीरो प्रखण्ड में हरिगाँव-गड़हनी पथ से ढाकाकरम एवं अगियाँव बाजार से जोबरा डीह पथ का निर्माण कार्य स्वीकृत है तथा डी०पी०आर० भी बनकर तैयार है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नहर की उड़ाही

*1976. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत जयमंगलागढ़ कावर झील से हर्सन पुल होते हुये बगरस स्लूईस गेट तक का नहर उड़ाही नहीं होने के कारण जल-जमाव रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी नहीं होने के कारण हजारों एकड़ भूमि पर खेती नहीं हो पाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जयमंगलागढ़ से हर्सन पुल होते हुये बगरस स्लूईस गेट तक नहर की उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों

--------

कटावरोधक कार्य कराना

*1977. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखण्ड बंशी पंचायत सोनभद्र के ग्राम-बंशी के पास (गाँव से दक्षिण) पुनपुन नदी की तेज धार से तटबंध का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी०सी०सी० का निर्माण

*1978. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखण्ड के सलेमपुर पंचायत के बोकहा महादलित टोला से सलेमपुर मुख्य सड़क तक एवं पहिपुरा मुख्य सड़क से सलहा-अधवाड़ी-चौठा-कोठिया टोल मुख्य सड़क के पास तक सड़क कच्ची एवं सोलिंग जर्जर है, जिससे हजारों ग्रामीणों की आवगामन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पी०सी०सी० का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1979. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला में आन्दर से जमालपु, हाता, हकमा, सलाहपुर, छजवा, सोना नदी पुल से होकर हुसैनगंज प्रखंड तक जानेवाली ईंट सोलिंग पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबततक उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का सुदृढ़ीकरण

*1980. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखंड के एन०एच० 31 से धबौलीडीह भाया लक्ष्मीपुर एवं मनिअप्पा मोड़ से कोठिया होते हुये भैरवार तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*1981. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के बायसी एन०एच० 31 से रिजवानपुर गाँव तक M.M.G.S.Y. के तहत सड़क निर्माण वित्तीय वर्ष 2013-14 में शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में श्री हाजी वारीस, श्री मंगल सहित नौ निजी जमीन के मालिक को जमीन का उचित मुआवाजा नहीं मिलने के कारण संवेदक को कार्य करने नहीं दिया गया जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन मालिकों को जमीन का उचित मुआवजा देते हुये जमीन का अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*1982. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत सिंघियाँ प्रखण्ड में आर०ई०ओ० पथ मोगला बाहा ग्राम से बारी ग्राम होते हुये सनहक्का ग्राम तक की सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें सरकारी नियमानुसार योजना का नाम, प्राक्कलित राशि, कार्यारम्भ तथा सम्पन्न होने की तिथि, संवेदक का नाम आदि संबंधित योजना सूचना स्थल पर नहीं है, साथ ही संवेदक तथा स्थानीय पदाधिकारी द्वारा मानक के विपरीत सड़क का निर्माण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्माणाधीन उक्त पथों की जाँच कराकर दोषी संवेदक तथा पदाधिकारी पर समुचित कार्रवाई करते हुये प्राक्कलन के अनुरूप सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1983. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के पंचायत बनकटियाँ के दर्जी टोला से पश्चिम लोहठी रामहरी पाण्डेय के बथान तक की सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का जीर्णोद्धार

*1984. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल-सिंहेश्वर पथ में तिलावे नदी पर पुल का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था, जिसकी स्थिति जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुराने पुल से कर वसूली बंद करने एवं पुल का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1985. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखंड अन्तर्गत मनोरपुर राजपूत टोला से रूदल साह के घर होते हुये मनोरपुर बाजार तक जानेवाली सड़क जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1986. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिला अन्तर्गत आर०डब्लू०डी० रोड, जो मोतिहारी मुख्यालय अतिथि गृह के पीछे से बेरूआ घाट नवर्निमत आर०डब्लू०डी० सड़क की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1987. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत बहेड़ी पी०डब्लू०डी० पथ झझरी से सिरूआ होते हुये भच्छी उज्जैना पथ एवं देकुली से सिसौनी पथ में बिठौली तक के पथों को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहित कर लिये जाने के बावजूद पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1988. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल नगर परिषद् क्षेत्र में एन०एच० 139 से बस स्टैण्ड, जनकपुर धाम शही महल्ला, जनकपुर धाम, एस०पी० आवास होते हुये बैदराबाद तक जानेवाली मुख्य मार्ग जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का चौड़ीकरण

*1989. श्री मुन्द्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड स्थित पोखरेरा से सेमरी एस०एच० 104 तक एकल लेन पथ होने से बराबर दुर्घटना घटित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पोखरेरा से सेमरी तक चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1990. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के औरंगाबाद सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत परसडीह के जयश्री बिगहा से ग्राम पंचायत फेसर के चंद्रवंशी टोला तक पथ जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टोलों तक पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1991. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिले के गुरारू प्रखंड के गुरारू बाजार में नाला का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का ढक्कन छोड़-छोड़ कर लगाया जा रहा है और नाला का लेवल भी सही नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाला के निर्माण की जाँच कराते हुये दोषियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*1992. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विधान सभा क्षेत्र पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के विक्रमपुर एवं हरदा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

सड़क का पक्कीकरण

*1993. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के ग्राम-परसा कला बछिया आहर से लौंग परसौवा अनुसूचित जाति टोली तक सड़क कच्ची है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*1994. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हाजीपुर के वैशाली प्रखंड अंतर्गत चकअल्हादाद पंचायत में नंदलालपुर-दाउदनगर मुख्य सड़क से हबीपुर होते हुये चकअल्हदाद सरकारी चौक से आगे सिमरा गंडक घाट तक लगभग 5.0 कि0मी0 सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्ककीरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1995. डॉ0 रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा प्रखंड के खुरीपरास यादव टोला की सड़क जो प्रखंड मुख्यालय जो जोड़ती है, जर्जर है, जिससे आम जनता को प्रखंड मुख्यालय जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्ककीरण

*1996. श्री हरि शंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के चाँप एन0 एच0 से चाँप गोपालपुर जाने वाली सड़क कच्ची है जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बाँध का पक्कीकरण

*1997. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के देवरिया तरूअनवा पंचायत का तरूअनवा में बरसात के दिनों में झिकरी नदी से कटाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव को नदी के कटाव से सुरक्षा हेतु बाँध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1998. श्रीमती वर्षा रानी--क्या,मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नवगछिया के नारायणपुर प्रखंड में एन0एच0 31 से नारायणपुर रेलवे स्टेशन (भाया जे0पी0 कॉलेज) तक की सड़क तथा खरीक प्रखड अंतर्गत खरीक चौक से खरीक रेलवे स्टेशन तक की सड़क विगत दो वर्षों से जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़कों को निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

आउटलेट का पुनर्निर्माण

*1999. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बीजीखोरवा डिवीजन के अंतर्गत अमहारा जलाशय के कैनाल से आउटलेट को जोड़ने वाला भाग टूट गया है, जिसके कारण सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टूटे भाग का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*2000. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड के डुमरिया से रजाकपुर के मध्य बने आर0सी0सी0 पुल क्षतिग्रस्त है, जबकि यह पुल पूर्वी पहसारा, अकहा, कोरियामा आदि जगहों के लोगों के लिये नावकोठी प्रखंड मुख्यालय जाने का एकमात्र रास्ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आर0सी0सी0 पुल का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पंचायतों को प्रखण्ड में हस्तान्तरित कराना

*2001. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 4854, दिनांक 23 जून, 1993 द्वारा शेखपुरा से 4 पंचायत, बड़हिया से 4 पंचायत, लखीसराय से 1 पंचायत एवं सरमेरा (नालंदा) से 2 पंचायत कुल 11 पंचायतों को मिलाकर घाट कुसुम्भा प्रखंड का सृजन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बड़हिया प्रखंड के पंचायत-पाली सम्प्रति नथनपुर, वीरूपुर एवं एजनी घाट सम्प्रति शर्मा टाल/सायर विघा को अभीतक घाट कुसुम्भा प्रखंड में हस्तातंरित नहीं किये जाने के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों को जनहित में घाट कुसुम्भा प्रखंड में हस्तातंरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2002. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मधुबन, बसहा पश्चिमी पंचायत के ग्राम-बंगराहा में अधवारा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थल पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सक्षम पदाधिकारी की नियुक्ति

*2003. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बिहटा, फतुहाँ औद्योगिक क्षेत्र में श्रम विवादों के निपटारा हेतु स्थानीय स्तर पर कोई क्षेत्रीय श्रम कार्यालय स्थापित नहीं है, जिसके कारण श्रमिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिहटा एवं फतुहाँ औद्योगिक क्षेत्र में सक्षम पदाधिकारियों को नियुक्त/प्रतिनियुक्त करते हुये क्षेत्रीय श्रम कार्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच

*2004. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत खिजरसराय प्रखंड में राजगीर-इस्लामपुर पथ में सिमरौका से ललियारी तक की सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ के निर्माण में प्राक्कलन के विरुद्ध निम्न स्तर के मिट्टी और मोरम का प्रयोग किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन पथ की गुणवत्ता जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दो लेन का पुल बनाना

*2005. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रसलपुर-बाजपट्टी-गाढ़ा पथ में सिकाऊ नदी पर मधुबन बाजार-बाजपट्टी प्रखंड कार्यालय को जोड़ने वाली स्क्रू पाईल पुल (लोहे का पुल) जर्जर होने के कारण यातायात में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थान (सिकाऊ नदी) पर दो लेन का आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गुणवत्ता की जाँच

*2006. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के ग्राम-सिंधा में आदर्श ग्राम योजना के तहत पी०सी०सी० ढलाई एवं सामुदायिक विकास भवन का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस कार्य के निर्माण में निम्न स्तर के ईंट एवं सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माणाधीन कार्य की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

-----------

विपत्र भुगतान पर रोक लगाना

*2007. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के कार्य प्रमंडल, आरा अंतर्गत एन०एच० 84 बीबीगंज से सार-सीवान तथा मीरगंज से बभनगाँवा होते राजापुर पी०डब्लू०डी० पथ तक का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर विपत्र भुगतान पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का कालीकरण

*2008. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड के बेझा राम, सेवक राम के घर से कदाने नदी, महेशी घाट तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*2009. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड में गया-चेरकी पथ से मध्य विद्यालय, विशुनपुरा होते महादलित टोला जमुने नदी तक 1.5 कि०मी० एवं गया-चेरकी पथ, दरियापुर से टिकरी महादलित टोला तक 1.5 कि०मी० सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों को कोर नेटवर्क में शामिल कर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*2010. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के भूरहा नदी में इकेरिया पासवान टोला से कोनन पथ में पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को सिकंदरा प्रखंड एवं महादेव स्थल सिमरिया जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

बाँध का चौड़ीकरण

*2011. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमण्डल के अधीन कमला नदी के पूर्वी तटबंध एवं पश्चिमी तटबंध का बाँध कच्ची एवं जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध का चौड़ीकरण के साथ-साथ कालीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2012. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी प्रखंड में ग्रामीण सड़क जतौर से संभारार भाया ग्राम-कुड़ेसर-शुरूवार-गुंदी रोड का निर्माण वित्तीय वर्ष 2011-12 में इरकॉन के द्वारा कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि शर्त के अनुसार निर्माता कम्पनी द्वारा उक्त सड़क का पाँच वर्षों तक लगातार देख-रेख अथवा मरम्मत के कार्य करने थे, लेकिन निर्माता कम्पनी ने ऐसा कुछ भी नहीं किया, परिणामस्वरूप सड़क जर्जर हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का पक्कीकरण

*2013. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत, बनकटियां में जनता बाजार से दक्षिण अनिरूद्ध चौधरी के घर के समीप होते हुये दिउलियां पंडित टोला गाँव तक की सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*2014. श्रीमती मंगिता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के ग्राम-भरेहवा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क से मानिक चौक-लालपुर पथ को जोड़ने वाली लगभग तीन कि०मी० पथ जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ की मरम्मती

*2015. श्री विरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत चतरा-नबीनगर रोड से अंकोरहा रेलवे स्टेशन भाया मुखतियारपुर-घूजा तथा जी०टी० रोड से बिशुनपुर भाया ईटहट-बिसैनी रोड श्रेणी-1 में शामिल नहीं है तथा दोनों पथों की हालत जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को श्रेणी-1 में शामिल कर मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*2016. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के ग्राम पंचायत, भुआलपुर तथा नगरा प्रखंड के तुजारपुर में पंचायत सरकार भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

आर०ओ०बी० का निर्माण

*2017. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में रेलवे Level crossing no. 53A पर वर्ष 2010 से ही आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेलवे लाइन से रोजाना सैंकड़ों रेल गाड़ियाँ गुजरती हैं जिसके कारण अक्सर रेलवे गुमटी बंद रहने से आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेलवे Level crossing no. 53A पर आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पटना:<br>
दिनांक 21 मार्च, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,<br>
सचिव,<br>
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 122-डी०टी०पी०-500